आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 53 | उज्जैन, सोमवार 13 जनवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# शहडोल आरआईसी से औद्योगिक विकास को मिलेंगे नये आयाम-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का शहडोल जिला अपनी खनिज संपदा, ऊर्जा क्षमताओं, धार्मिक महत्व, प्राकृतिक सौंदर्य और पुरातात्विक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां आगामी 16 जनवरी 2025 को होने वाला रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव न केवल निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि इस क्षेत्र की समग्र प्रगति के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। साथ ही शहडोल के विकास को नई दिशा मिलेगी।



### खनिज और ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल, अपने प्रचुर खनिज संसाधनों के लिए देश भर में जाना जाता है। यहां स्थित सोहागपुर कोलफील्ड, भारत के सबसे पुराने और समृद्ध कोयला खदान क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र ऊर्जा आधारित उद्योगों के विकास के लिए आदर्श है। ऊर्जा हब सिंगरौली और फूलपुर गैस पाइपलाइन का विस्तार, शहडोल को ऊर्जा आधारित उद्योगों के केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

अमलाई औद्योगिक क्षेत्र भी इस क्षेत्र का एक प्रमुख केंद्र है, जो कागज उद्योग और खनिज प्रसंस्करण के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित उद्योग न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहे हैं। अमलाई के अलावा, पास के अनूपपुर और उमरिया में भी औद्योगिक निवेश की अपार संभावनाएं हैं। शहडोल को ऊर्जा क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने के लिए सरकार ने कई परियोजनाओं की शुरुआत की है। विशेष रूप से गैस आधारित उद्योगों और हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निवेशकों को आकर्षित करने की योजना बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल के आसपास स्थित धार्मिक स्थल इसे अध्यात्म और पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाते हैं। अमरकंटक, जो नर्मदा, सोन और जोहिला नदियों का उद्गम स्थल है, अपने आध्यात्मिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण है। इसके अलावा, यहां स्थित प्राचीन मंदिर और आश्रम भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं। धार्मिक स्थलों के साथ यहां का शांत और आध्यात्मिक वातावरण निवेशकों को पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित करता है। राज्य सरकार इन स्थलों को और अधिक विकसित करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे पर्यटन और स्थानीय उद्योग, दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

## सड़क हादसों में जान बचाने वालों को मिलेगा इनाम, सरकार देगी मोटी रकम




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में अच्छे हाईवे और एक्सप्रेसवे के बढ़ते नेटवर्क के साथ सरकार की चिंता यह भी है कि सड़क हादसों की रफ्तार भी बढ़ती जा रही है। प्रतिवर्ष सड़क हादसों में होने वाले मृत्यु का आंकड़ा बढ़ते देख सरकार अब सड़क सुरक्षा सुरक्षा, जागरूकता और सख्ती के नए जतन आजमाने जा रही है।

इसी प्रयास में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सड़क हादसों में घायल होने वालों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वालों की प्रोत्साहन राशि पांच हजार रुपये बढ़ाकर पच्चीस हजार करने जा रही है।

इसके साथ ही कमीशन पर ऐसे जागरूक जन भी तैयार करने की तैयारी है, जो सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहनों की जानकारी तुरंत यातायात पुलिस तक पहुंचाएंगे।

सड़क हादसों में हर दिन 474 लोग गंवा रहे जान- सड़क सुरक्षा पर शनिवार को नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता अनुपम खेर के साथ बातचीत में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वर्तमान में दुखद औसत आंकड़ा यह है कि हर दिन 474 लोग सड़क हादसों में जान गंवा रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर 500 प्रधान होंगे सम्मानित, केंद्रीय योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने वालों को मिलेगा सम्मान



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमाम योजनाओं को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अक्सर भले ही खींचतान दिखाई देती हो, लेकिन पंचायतीराज मंत्रालय के एक प्रयास ने यह संकेत दे दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाएं सहकारी संघवाद के ढांचे को मजबूती देते हुए धरातल पर सफलता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं।

यह महज दावे से इतर आंकड़ों में भी पुष्ट हो, इसके लिए गणतंत्र दिवस समारोह में उन ग्राम प्रधानों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार द्वारा चिन्हित दस में से कम से कम छह केंद्रीय योजनाओं का लाभ 90 प्रतिशत या उससे अधिक लाभार्थियों तक पहुंचा दिया है।

ग्राम पंचायत स्तर पर विकास को गति देने की मंशा से पंचायतीराज मंत्रालय समय-समय पर ऐसे मंच तैयार करने के लिए प्रयासरत रहता है, जहां अच्छा काम करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित किया जा सके। इसी प्रयास में इस बार नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के लिए तीन श्रेणियों में ग्राम प्रधानों को आमंत्रित करने का निर्णय हुआ है।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों को कामयाबी, फायर आर्म्स, एके-56 समेत बड़ी संख्या में हथियार बरामद

नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर के चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों में सुरक्षा बलों ने सात फायर आर्म्स और विस्फोटक सामग्री बरामद किए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना को लेकर कहा कि चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत ओल्ड गेलमोल गांव में एक तलाशी अभियान के दौरान, एक एके -56 राइफल और एक चीनी मूल के हथगोले सहित सात फायर आर्म्स बरामद किए गए।




सुरक्षा बलों ने मणिपुर के चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों में तलाशी अभियान के दौरान सात फायर आर्म्स और विस्फोटक सामग्री बरामद की है, पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी है।

सुरक्षा बलों ने चलाया तलाशी अभियान - सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल में मोरेह पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत गोवाजंग क्षेत्र में भी तलाशी अभियान चलाया और लगभग 1 किलोग्राम वजन वाले दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और लगभग 5 किलोग्राम वजन वाला एक आईईडी बरामद किया। पिछले साल मई से मणिपुर में जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

इस क्षेत्र से हथियार और चार हथगोले बरामद - वहीं इससे पहले इंफाल पूर्वी जिले में नुंग्ब्रम और लैरोक वैफेई क्षेत्रों में एक 7.62 एमएम रूसी आरपीडी मशीन गन और 5.56 एमएम आइएनएसएएस राइफल बरामद हुई थी।

## केवल भरोसेमंद स्थानों से होगी बिजली उपकरणों की आपूर्ति



नई दिल्ली (एजेंसी)। वर्ष 2020 में चीन की सेना ने भारत के पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा में घुसपैठ के बाद केंद्र सरकार ने दूरसंचार व दूसरे संवेदनशील क्षेत्रों में कल-पुर्जों व उपकरणों की आपूर्ति को लेकर नए नियम लागू कर दिए गए थे।

इन नए नियमों के अनुसार भारत में संचालित कंपनियां सिर्फ विश्वस्त स्रोतों से ही कल-पुर्जे व उपकरणों की आपूर्ति कर सकती हैं। अब केंद्र सरकार इसका दायरा बढ़ाने जा रही है और सबसे पहले बिजली क्षेत्र में सिर्फ भरोसेमंद स्रोतों से सप्लाई चेन स्थापित करने के मौजूदा नियमों को ज्यादा सख्त बनाने पर विचार किया जा रहा है। यह जानकारी नेशनल साइबर सिक्योरिटी कॉर्डिनेटर एम यू नायर ने फिक्की की तरफ से साइबर सिक्योरिटी पर आयोजित एक सेमिनार में दी।

जानकारी दें कि सरकार का यह फैसला सौर ऊर्जा सेक्टर से लेकर बैट्री निर्माण के मौजूदा घरेलू ढांचे को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। यह फैसला साइबर सुरक्षा के बढ़ते खतरे से देश के बिजली सेक्टर को पूरी तरह से बचाने के उद्देश्य से किया जाएगा। यहां बताते चलें कि बिजली मंत्रालय ने 02 जुलाई, 2020 को चीन से आयात किए गए बिजली उपकरणों के आयात से पहले पूर्व अनुमति का नियम लागू किया हुआ है। यह भी नियम है कि बाहर से जो बिजली उपकरण आयात होते हैं उनकी साइबर सिक्योरिटी को लेकर परीक्षण किया जाए कि उनसे कोई खतरा तो नहीं है।

## अब शिक्षकों के लिए हर सेमेस्टर में कम से कम 15 हफ्ते पढ़ाना अनिवार्य...



नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्वविद्यालयों सहित देश भर के उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के भर्ती के लिए नए नियम का मसौदा जारी करने के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (तष्ट) ने उनके पढ़ाने के घंटों भी बढ़ोत्तरी कर दी है। जिसमें शिक्षकों को अब प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम 15 हफ्ते पढ़ाना अनिवार्य होगा। अभी प्रत्येक सेमेस्टर में उन्हें अधिकतम तेरह हफ्ते ही पढ़ाना होता है। यूजीसी ने शिक्षकों से पढ़ाई के इन बढ़ाए गए दिनों में खुद को शोध और इनोवेशन जैसे गतिविधियों से जोड़ने की सलाह दी है।

# भारत की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा विश्व का सबसे बड़ा मुस्लिम देश, दुनिया में बढ़ी भारतीय हथियारों की डिमांड

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व भर में भारत में निर्मित हथियारों की धूम है। इस बीच खबर है कि फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया चीन का दूसरा पड़ोसी हो सकता है जिसके पास भारत निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल की क्षमता हो। ऐसा इसलिए क्योंकि इंडोनेशिया भी इस ब्रह्मोस मिसाइल का मुरीद हो चुका है।

दरअसल, भारत और इंडोनेशिया की सरकारों के बीच काफी लंबे अरसे से बातचीत चल रही थी, लेकिन अब वार्ता दूसरे स्तर पर पहुंच गई है। शुरुआत में ब्रह्मोस की कीमत को लेकर चिंतित इंडोनेशियाई सरकार का रक्षा मंत्रालय इस पर बात करने को तैयार हो गया है।

भारत ने दिया आश्वासन- जानकारी दें कि भारत की तरफ से भी इंडोनेशियाई पक्ष को इस बात का पूरा आश्वासन दिया गया है कि वह इसकी कीमत को लेकर उसकी संवेदनाओं का पूरा ख्याल रखेगा। भारत बहुत ही आसानी से कर्ज उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी करने को तैयार है। दोनों देशों के बीच इस बारे में बातचीत होने से राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की आगामी




भारत दौरे के दौरान गंभीर विमर्श होने की संभावना बन गई है। सुबियांतो इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के राजकीय मेहमान होंगे। 1950 के बाद यह चौथा अवसर होगा जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस पर राजकीय मेहमान होंगे। इंडोनेशिया के साथ भारत के बेहद पुराने सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संबंध है।

मलेशिया की यात्रा पर भी जाएंगे सुबियांतो

बता दें कि हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी की सुबियांतो से द्विपक्षीय बैठक हुई थी। यहां बताते चलें कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत दौरे के बाद मलेशिया की यात्रा पर जाएंगे। हाल ही में पाकिस्तान की मीडिया में यह खबर प्रकाशित हुई थी कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे के बाद सीधे पाकिस्तान जाएंगे। भारत की यह कूटनीति रही है कि वह विदेशी मेहमानों को अपनी जमीन से सीधे पाकिस्तान नहीं जाने का आग्रह करता है।

पूर्व में अमेरिका व खाड़ी देशों के प्रशासक भारत और पाकिस्तान का दौरा एक साथ करते थे, लेकिन भारत अब इसका विरोध करता है।

संभवतः भारत के आग्रह को ध्यान में रख कर ही इंडोशनियाई राष्ट्रपति ने पाकिस्तान नहीं जाने का फैसला किया है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री साफरी समसोद्दीन ने हाल ही में इस बात को स्वीकार किया था कि भारत के साथ ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर बातचीत हो रही है।

# भारत के इस राज्य ने दुनिया में जमाई धाक, विश्व के 52 पर्यटन स्थलों में बनाई टॉप 5 में जगह





नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम ने अपनी खूबसूरती की छाप दुनिया पर छोड़ दी है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता, चाय के हरे भरे बागानों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण इस राज्य की खूबसूरती का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले असम ने हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स की प्रतिष्ठित ट्रैवल लिस्ट 2025 में पर्यटकों के घूमने लायक दुनिया की 52 खास जगहों में चौथा स्थान हासिल किया है।

ब्रह्मपुत्र नदी का बहता जल, घने वन और चाय बागानों के साथ ही बायो डायवर्सिटी की खासियत असम को अलग ही प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करती है। यही कारण रहा कि पर्यटन के लिए दुनिया की 52 खास जगहों में से असम को न्यूयॉर्क टाइम्स की सूची में चौथा स्थान मिला है।

किन स्थानों से थी टक्कर- असम ने दुनिया के कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को टक्कर दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार असम ने गैलापागोस आईलैंड, न्यूयॉर्क सिटी म्यूजियम जैसे स्थानों को टक्कर दी है। असम को हरे-भरे चाय बागानों और जीवंत संस्कृति की भूमि कहा गया है। यूरोपीय शहर जेन ऑस्टेन अव्वल रहा, जो अपनी समृद्ध वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम है।

असम का ये स्थान वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में- असम के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों में charaideo मोइडाम्स को हाल ही में यूनेस्कोकी विश्व विरासत की लिस्ट में शामिल किया गया है। यह प्राचीन स्थल 13वीं से 19वीं सदी के बीच अहोम साम्राज्य के दौरान बनाए गए थे। आज ये स्थल असम आने वाले पर्यटकों को ऐतिहासिक और इसके आध्यात्मिक महत्व को दर्शाते हैं।

काजीरंगा और पिरामिडों की खूबसूरती करती है आकर्षित- असम की विशेषता को रेखां?कित करते हुए न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा कि असम भारत के पूर्वोत्तर का खूबसूरत स्टेट है जो म्यांमार और बांग्लादेश की सीमा के समीप स्थित है। इसे भारत के प्रवेश द्वार की संज्ञा दी गई है। प्रदूषण और लोगों के कोलाहल से परे यह भीड़भाड़ से मुक्त शांत क्षेत्र है, जो देश की मुख्य भूमि से एक धागे की तरह जुड़ा हुआ है।

चराइदेव मोइदम और असम के पिरामिड को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में अंकित किया गया था। वहीं असम का नेशनल पार्क काजीरंगा अपनी विशेषता से विश्व को आकर्षित करता है। एक सींग वाले गैंडे के लिए मशहूर यह अभ्यारण्य पर्यटकों खासकर वन्यजीवन को जानने वालों के लिए जन्नत से कम नहीं है।

विश्व में टॉप पर्यटन स्थलों में शामिल किए गए ये स्थान

जेन ऑस्टेन का इंग्लैंड
गैलापागोस द्वीप समूह
न्यूयॉर्क शहर के संग्रहालय
असम, भारत
व्हाइट लोटस थाईलैंड
ग्रीनलैंड
ऐक्स-एन-प्रोवेंस, फ्रांस
सन वैली, इडाहो

# अब जर्मनी के चुनाव पर एलन मस्क की नजर, वोटिंग से पहले लोगों को दिया खास संदेश; बोले- से नो टू...



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का खुले तौर पर समर्थन करने वाले टेस्ला के सीईओ एलन मस्क अब दूसरे देशों की राजनीति में दखल देने लगे हैं। अमेरिका, कनाडा, यूके के बाद अब मस्क जर्मनी की सियासत में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। आज उन्होंने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के विरोध में पोस्ट कर लोगों के नाम खास संदेश दिया।

जर्मनी के लोगों से की खास अपील- मस्क ने जर्मनी के लोगों से जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज को समर्थन न देने को कहा। उन्होंने कहा, ओलाफ स्कोल्ज को न कहें। उनका यह बयान जर्मनी के सत्तारूढ़ सोशल डेमोक्रेट्स (एसपीडी) द्वारा शनिवार को स्कोल्ज को संघीय चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में घोषित किए जाने के बाद आया है।

मस्क ने किया ये पोस्ट- मस्क ने एक्स पर एक रिपोर्ट के जवाब में यह बयान दिया। एसपीडी द्वारा स्कोल्ज को फिर से जर्मन चांसलर के लिए नामित करने के बारे में उन्होंने ये बात कही। एक्स पर एलन मस्क ने लिखा, से नो टू स्कोल्ज, यानी स्कोल्ज को वोट न दें।

जर्मनी में फरवरी को होने है चुनाव- जर्मनी में नई संसद के लिए स्नैप चुनाव 23 फरवरी को होने वाले हैं क्योंकि दिसंबर में स्कोल्ज संसद में विश्वास मत हार गए थे। मस्क ने जर्मनी में होने वाले चुनाव से पहले अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी के लिए सार्वजनिक रूप से समर्थन व्यक्त किया है।

इससे पहले 9 जनवरी को मस्क ने जर्मनी के अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) के सह-नेता एलिस वीडेल को बेहतर बताया और जर्मनी के लोगों को इस पार्टी को वोट देने की अपील की।

## ट्रूडो के इस्तीफे के बाद कौन संभालेगा कनाडा की सत्ता?



नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा में राजनीति उठापटक का दौर जारी है। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद कई नाम सामने आए, जो कनाडा की सत्ता संभालने के दावेदार माने जा रहे हैं। इस बीच भारतीय मूल की अनीता आनंद इस रेस से बाहर हो गई हैं। उन्हें ट्रूडो के रिप्लेसमेंट के तौर पर देखा जा रहा था।

### पीएम पद की रेस से हटीं अनीता

अनीता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एलान किया कि वो प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं लिबरल पार्टी की लीडर बनने की रेस में नहीं हूं। अनीता आनंद ओंटारियो के ओकविले से सांसद हैं और उन्होंने अगले चुनाव तक यहां के लोगों की ही सेवा करने की बात कही।

अगला चुनाव भी नहीं लड़ेंगी अनीता आनंद- अनीता ने कहा कि जैसे की ट्रूडो ने अपने आगे के जीवन का फैसला कर लिया है, तो मैं भी अब आगे के सफर के बारे में सोच रही हूं। उन्होंने इसी के साथ एलान किया कि वो अगला चुनाव भी नहीं लड़ने वाली हैं। तमिल पिता और पंजाबी मां की बेटी अनीता ट्रूडो की कैबिनेट में कई मंत्रालय संभाल चुकी हैं।

## भूकंप के झटकों से थर्राया मेक्सिको, रिएक्टर स्केल पर 6.4 आंकी गई तीव्रता



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेक्सिको के मिचोआकेन से भूकंप की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है, मिचोआकेन तट के पास 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूविज्ञान केंद्र (जीएफजेड) ने इसकी जानकारी दी जीएफजेड ने कहा कि भूकंप 91 किमी (56.54 मील) की गहराई पर था।

इससे पहले मध्य मेक्सिको में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 आंकी गई। भूकंप से इमारतें हिलने लगीं जिससे पूरी राजधानी में अलॉर्म बज गया। एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, अलॉर्म बजाकर लोगों को भूकंप की जानकारी दी गई। जिसके बाद व्यवसायों और घरों से लोग बाहर आए।

भूकंप को लेकर लोगों ने शेयर किए अनुभव - लोगों ने भूकंप को लेकर अनुभव शेयर किया था। उन्होंने बताया कि भूकंप से उनके आसपास की चीजें हिलने लगीं। जिसके बाद वे आनन-फानन में घर से बाहर आए। इस भूकंप से फिलहाल किसी हताहत होनी की सूचना नहीं मिली थी।

## शानदार होगा ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह, बाइडन से तीन गुना ज्यादा 1465 करोड़ रुपये का डोनेशन मिला; कहां खर्च होगा इतना पैसा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेने जा रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इसके लिए उनके पास कितना डोनेशन आया है? इतना कि अमेरिका के इतिहास में आज तक किसी राष्ट्रपति को नहीं मिला- करीब 170 मिलियन डॉलर।

संभव है कि शपथ ग्रहण के बाद ट्रंप अब तक के सबसे खर्चीले समारोह वाले राष्ट्रपति बन जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक एपल के टिम कुक समेत कई बिजनेसमैन ने बड़े अमाउंट के चेक दिए हैं।

कई दिग्गजों ने दिया डोनेशन- ट्रंप के शपथ ग्रहण में करीब 8 दिन बचे हैं। उनके शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी कमेटी के लोगों ने बताया कि अब तक करीब 170 मिलियन डॉलर की राशि जुटा ली गई है और 200 मिलियन डॉलर भी जल्द पूरा हो जाने का अनुमान है।

डोनेशन देने वाले लोगों में टिम कुक के अलावा कई बड़े नाम शामिल हैं। ओपेनएआई के सैम ऑल्टमैन ने 1 मिलियन डॉलर, अमेजन ने 2 मिलियन डॉलर, मेटा ने 1 मिलियन डॉलर, उबर ने 1 मिलियन डॉलर और उबर के सीईओ डारा खोसरोशाही ने 1 मिलियन डॉलर दिए हैं।

गोल्डमैन सैश और बैंक ऑफ अमेरिका ने भी डोनेशन दिया है, लेकिन उन्होंने अमाउंट का खुलासा नहीं किया है। वहीं सिटीग्रुप भी डोनेशन देने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी कार कंपनी फोर्ड मोटर्स ने न सिर्फ डोनेशन दिया, बल्कि शपथ ग्रहण के लिए गाड़ियों का एक काफिला भी दिया है।

अब तक का सबसे बड़ा डोनेशन - ये अमेरिका के इतिहास में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अब तक का सबसे बड़ा डोनेशन है। जो बाइडन जब राष्ट्रपति बने थे, तब महज 62 मिलियन डॉलर का डोनेशन आया था। खुद ट्रंप जब 2017 में राष्ट्रपति चुने गए थे, तब भी केवल 107 मिलियन डॉलर की ही रकम जुटाई गई थी।

# भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की दुनिया में धाक, कई क्षेत्रों में बड़े निवेश की तैयारी में सिंगापुर



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग ने कहा कि भारत विकास कर रहा है और सिंगापुर दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के कई अवसर देख रहा है। वह शनिवार को भारतीय बिजनेस कम्युनिटी से बातचीत कर रहे थे।

दरअसल, स्ट्रेट्स टाइम्स ने ली के हवाले से कहा कि सिंगापुर का भारत में अच्छा ब्रांड नाम है और भारतीय सरकारों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। सिंगापुर स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ डिजिटल और ग्रीन इकानमी जैसे क्षेत्रों की खोज के साथ-साथ द्विपक्षीय व्यापार, कौशल प्रशिक्षण और फिनटेक जैसे मोर्चों पर सहयोग बढ़ाने के अवसर देख रहा है।

भारत में निवेश के अवसर तलाश रहा सिंगापुर- इसी के साथ उन्होंने भारतीय बिजनेस कम्युनिटी से इन लाभों का अधिकतम लाभ उठाने का भी आग्रह किया। ली ने व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते के महत्व पर प्रकाश डाला, जो दो दशक पुराना सिंगापुर-भारत मुक्त व्यापार समझौता है। इसने दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और यात्रा संबंधों को बढ़ावा देने में मदद की है। उन्होंने कहा कि कई भारतीय कंपनियां इस क्षेत्र की सेवा के लिए सिंगापुर में स्थापित हुई हैं।

भारत की जमकर हुई सराहना- जानकारी दें कि सिंगापुर में पिछले कुछ समय में प्रवासी और विदेशी मजदूरों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली है।

# आग बुझाने के लिए कम पड़ रहा पानी, Firenado में 12 हजार से ज्यादा घर जलकर खाक



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस ऐंजिलिस और इसके उपनगरों में लगी आग शनिवार को पांचवें दिन हवाओं के धीमे पड़ने के वावजूद फैलती रही। जंगलों से रिहाइश तक पहुंची इस आग में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है और 13 लापता हैं।

12 हजार से ज्यादा घर खाक हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन ने आग से जूझ रहे इलाके को जंग का मैदान वताया और कहा कि अब भी वहुत से लोग लापता हैं।

आग बुझाने की कोशिशों के बीच पानी की कमी बड़ा मुद्दा वन गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर ने इसकी स्वतंत्र जांच की मांग की है कि आखिर पानी की कमी ने हॉलिवुड सितारों की सरजमीं लॉस ऐंजिलिस में आग के खिलाफ जंग को कैसे नुकसान पहुंचाया है। गवर्नर ने कुछ फायर हाइड्रेट में सप्लाई की कमी और सांता यनेज जलाशय से पानी की सप्लाई की अनुपलब्धता के दावों की स्वतंत्र जांच की मांग की है।

एक और जगह लगी आग- मौसम विभाग ने तेज हवाओं का पूर्वानुमान दिया है, जो इस कुदरती आपदा को और बढ़ा सकता है। फिलहाल 6 जगहों पर आग लगी हुई है। इनमें सबसे नई जगह आर्चर फायर नाम दिया गया है । इस क्षेत्र में रेड फ्लैग चेतावनी जारी की गई है, जो आग के गंभीर होते हालात का इशारा करती है । अब भी एक लाख लोगों के ऊपर घर छोड़ने की तलवार लटक रही है।

# दिल्ली-यूपी में बारिश के बाद बढ़ी ठंड, बिहार-राजस्थान में कोहरे का कहर



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में भीषण ठंड और घने कोहरे का दौर जारी है। इस बीच शनिवार दोपहर के बाद देश की राजधानी दिल्ली के साथ आस पास के क्षेत्रों में बारिश ने ठिठुरन और बढ़ा दी। रविवार की सुबह दिल्ली में घना कोहरा देखने को मिला है।

दरअसल, पिछले दिनों मौसम विभाग ने बताया था कि दक्षिण-पश्चिम ईरान में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जो भारत की ओर बढ़ रहा है। इस पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश देखने को मिली। अब एक बार फिर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर 15 और 16 जनवरी को देखने को मिलेगा। दिल्ली में मौसम का हाल - जानकारी दें कि शनिवार को दिल्ली एनसीआर में बारिश हुई, जिसके बाद ठिठुरन और बढ़ गई। बारिश का ये दौर रात तक चला। हालांकि, रविवार को हल्की बूंदाबादी ही देखने को मिली। आकाश में बादल छाए हुए हैं, जिस वजह से आज धूप नहीं खिली। शनिवार को राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामन्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में 13 और 14 जनवरी को मौसम साफ रहेगा। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि 14 जनवरी 2025 की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। इस कारण मौदानी इलाकों में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी देखने को मिल सकती है। 15 और 16 जनवरी को पहाड़ी क्षेत्रों के साथ मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस वजह से ठिठुरन और बढ़ेगी। आईएमडी ने बताया कि इस दौरान पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में बारिश होगी।

## साथ रहने के आदेश का पालन न करने पर भी पति से गुजारा भत्ता पा सकती है पत्नी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा कि साथ रहने के आदेश का पालन नहीं करने की सूरत में भी पत्नी अपने पति से गुजारा भत्ता पा सकती है, बशर्ते कि महिला के पास पति के साथ रहने से इन्कार करने का वैध और पर्याप्त कारण हो।

सीजेआई संजीव खन्ना की पीठ ने कानूनी विवाद का निपटारा किया

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इस सवाल पर कानूनी विवाद का निपटारा किया कि क्या एक पति जोकि वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए आदेश प्राप्त करता है, उस सूरत में कानून के आधार पर अपनी पत्नी को भरण-पोषण देने से मुक्त हो जाता है जब उसकी पत्नी उक्त आदेश का पालन करने और पति के घर लौटने से इनकार करती है।

पीठ ने कहा कि इस संबंध में कोई सख्त नियम नहीं हो सकता है और यह हमेशा मामले की परिस्थितियों पर निर्भर होना चाहिए। पीठ ने कहा कि यह सवाल कि क्या पत्नी द्वारा वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश का पालन न करना सीआरपीसी की धारा 125(4) के कारण उसे भरण-पोषण देने से इनकार करने के लिए पर्याप्त होगा पर कई हाई कोर्टों ने विचार किया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस के ऑफिस में की तोड़फोड़, KTR ने कहा- उनकी आदत बन गई है



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तरफ से विपक्षी भारत राष्ट्र समिति के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। क्षेत्रीय पार्टी के एक नेता की तरफ से मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद शनिवार को भोंगिर में विपक्षी बीआरएस के कार्यालय में सत्तारूढ़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तरफ से तोड़फोड़ की गई।

बीआरएस नेता रामकृष्ण रेड्डी ने हैदराबाद से लगभग 50 किलोमीटर दूर शहर में अपनी पार्टी के कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियां कीं थी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए और उन्होंने बीआरएस कार्यालय में फर्नीचर और अन्य वस्तुओं को तोड़ दिया।

पुलिस ने इसकी जानकारी दी है पुलिस कर्मियों ने तुरंत घटना पर प्रतिक्रिया करते हुए तोड़फोड़ करने वालों को तितर-बितर कर दिया और पुलिस पिकेट स्थापित कर दी। कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव और पार्टी के अन्य नेताओं ने इस घटना पर कांग्रेस की आलोचना की। रामा राव ने कुछ दिन पहले यहां एक विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर भाजपा कार्यालय पर पथराव करने का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा था विपक्षी दलों के कार्यालयों पर हमला करना कांग्रेस की आदत बन गई है।

## भारत का जलवा, पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस पर बनाया चीफ गेस्ट; फिर पाक की यात्रा करवा दी रद



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। उनकी यात्रा के बारे में आधिकारिक घोषणा किसी भी समय होने की उम्मीद है, लेकिन भारत नहीं चाहता था कि राष्ट्रपति की प्रस्तावित पाकिस्तान यात्रा के साथ उनकी भारत यात्रा को जोड़ा जाए। अब संभावना है कि वहां की सरकार ने इसे मान लिया है।

प्रबोवो सुबियांटो नहीं करेंगे पाक दौरा- इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो अपनी दिल्ली की यात्रा के बाद पाकिस्तान नहीं जाएंगे, ऐसा माना जा रहा है। समाचार एजेंसी भाषा के अनुसार, गणतंत्र दिवस के लिए प्रबोवो की भारत यात्रा के दौरान पाकिस्तान की यात्रा टाली जा सकती है।

चौथी बार राजकीय मेहमान होंगे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति- सुबियांतो इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के राजकीय मेहमान होंगे। 1950 के बाद यह चौथा अवसर होगा जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस पर राजकीय मेहमान होंगे। इंडोनेशिया के साथ भारत के बेहद पुराने सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संबंध हैं।

भारत की कूटनीतिक सफलता - हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी की सुबियांतो से द्विपक्षीय बैठक हुई थी। यहां बताते चलें कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत दौरे के बाद मलेशिया की यात्रा पर जाएंगे। हाल ही में पाकिस्तान की मीडिया में यह खबर प्रकाशित हुई थी कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे के बाद सीधे पाकिस्तान जाएंगे। भारत की यह कूटनीति रही है कि वह विदेशी मेहमानों को अपनी जमीन से सीधे पाकिस्तान नहीं जाने का आग्रह करता है।

पूर्व में अमेरिका व खाड़ी देशों के प्रशासक भारत और पाकिस्तान का दौरा एक साथ करते थे। लेकिन भारत अब इसका विरोध करता है। संभवतः भारत के आग्रह को ध्यान में रख कर ही इंडोशनियाई राष्ट्पति ने पाकिस्तान नहीं जाने का फैसला किया है।

## डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता, विदेश मंत्री जयशंकर होंगे शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है। निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका जाएंगे।

भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे जयशंकर- 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठक करेंगे। ट्रंप सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे जयशंकर - विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को कहा कि वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे।

ट्रंप की जीत पर जयशंकर का आया था बयान- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर एक खास बयान दिया था, जिसकी काफी चर्चा हुई थी। दरअसल, जयशंकर ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव के बाद बहुत से देश अमेरिका को लेकर घबराए हुए हैं, लेकिन भारत उन देशों में शामिल नहीं है। जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप को की गई पहली तीन फोन कॉल में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल थे।

20 जनवरी को शपथ लेंगे ट्रंप- शपथ ग्रहण समारोह 20 जनवरी को होने वाला है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत के लगभग दो सप्ताह बाद होगा।

इससे पहले 6 जनवरी को ट्रंप की चुनावी जीत को उनके शपथ ग्रहण से पहले प्रमाणित कर दिया गया था, जिसमें किसी भी सांसद ने कोई आपत्ति नहीं जताई थी, क्योंकि सदन में राज्यों की संख्या की घोषणा की गई थी।

## शेख हसीना जब तक चाहें.., बांग्लादेश की पूर्व पीएम पर अय्यर ने मोदी सरकार को दी ये सलाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना जब तक चाहें, उन्हें भारत में रहने देना चाहिए।

मणिशंकर अय्यर 16वें एपीजे कोलकाता लिटरेरी फेस्टिवल में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इन दौरान उन्होंने भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी के पिछले महीने ढाका दौरे पर जाने और वहां उच्चाधिकारियों के साथ चर्चा पर खुशी जताई।

अय्यर ने कहा कि बातचीत जारी रहनी चाहिए और भारत को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ मंत्री स्तर पर संपर्क स्थापित करने की जरूरत है। बांग्लादेश द्वारा शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग पर उन्होंने कहा कि शेख हसीना ने हमारे लिए बहुत कुछ किया है। आपको बता दें कि बांग्लादेश में छात्रों के एक गुट के देशव्यापी प्रदर्शन के बाद 77 वर्षीय शेख हसीना 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। वह करीब 16 साल तक बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज रहीं।

बांग्लादेश के हालात पर चिंता

मणिशंकर अय्यर ने कहा कि यह सच है कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। लेकिन इसमें से अधिकतर उनके शेख हसीना के समर्थक होने की वजह से हो रहे हैं। उन्होंने कहा, वो रिपोर्ट सच हैं। लेकिन कई विवाद राजनीतिक मतभेद के चलते हैं।

इसके पहले एक सेशन के दौरान अय्यर ने कहा था कि पाकिस्तानी भी भारतीय ही हैं। लेकिन केवल एक बंटवारे ने उन्हें दूसरा देश दे दिया। नरेंद्र मोदी सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि हमारे अंदर सर्जिकल स्ट्राइक करने का साहस था, लेकिन इस सरकार के पास बैठकर चर्चा करने का भी साहस नहीं है।


पाकिस्तान पर भी दिया बयान- मणिशंकर अय्यर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने वाला देश है, लेकिन वह आतंकवाद से पीड़ित भी है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को लगा था कि वह तालिबान को अफगानिस्तान की सत्ता में वापस ला सकता है, लेकिन आज वही उसका सबसे बड़ा डर है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष शुक्ल तृतीया

## संपादकीय

# देश में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाकर 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की हसरत...



देश में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाकर 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की हसरत पूरी करनी है तो अर्थव्यवस्था को अगले 23 साल तक 8 फीसदी से ज्यादा सालाना दर से बढ़ना होगा। मौजूदा वृद्धिशील पूंजी-उत्पादन अनुपात के हिसाब से अर्थव्यवस्था को निवेश की दर बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 40 फीसदी के करीब ले जानी होगी। यह दर फिलहाल 32 फीसदी बताई जाती है। इसके लिए सभी पहलुओं को शामिल करने वाले, स्थिर और दूरगामी नीतिगत माहौल की जरूरत है, जिसमें सरकार के सभी तीन स्तंभों ङ्ग विधायिका, कार्यपालिक और न्यायपालिका ङ्ग तथा केंद्र, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन साथ तालमेल के साथ नीतियां बनाएं और उन्हें कारगर तरीके से लागू करें।

निवेश को सहारा देने वाला माहौल तैयार करना है तो स्थिर प्रशासन सुनिश्चित करना होगा। संवैधानिक जिम्मेदारियों में स्पष्टता, तालमेल के साथ नीतियों का आकलन, शासन में सुनिश्चितता और न्यायिक निर्णयों में निरंतरता आदि देश में निवेश का स्थिर माहौल तैयार करने के लिए जरूरी हैं। जब निर्णय पूर्वव्यापी नजरिया अपनाते हैं यानी पिछली तारीख से लागू किए जाते हैं तो माहौल बिगड़ता है क्योंकि निवेशकों को यह उम्मीद नहीं होती कि जो कारोबारी गतिविधि अतीत में हो चुकी है, उसके लिए भी नियम बदल दिए जाएंगे।

इस संदर्भ में एक अहम न्यायिक निर्णय और उससे पड़ने वाले प्रतिकूल आर्थिक प्रभाव पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। वह निर्णय पिछले साल खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं अन्य बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं अन्य मामले में उच्चतम न्यायालय के नौ न्यायाधीशों वाले पीठ के आठ न्यायाधीशों ने दिया था। पीठ की अध्यक्षता तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ कर रहे थे।

पीठ ने कई पुराने निर्णयों को पलटते हुए 25 जुलाई 2024 को फैसला सुनाया- (1) सातवीं अनुसूची के तहत केंद्र और राज्यों को दिए गए कर अधिकारों में कोई घालमेल या अतिक्रमण नहीं है, (2) खान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम के तहत तय की गई और पट्टा लेने वाले के द्वारा चुकाई गई रॉयल्टी कर नहीं होती है, (3) राज्य सूची की प्रविष्टि 50 राज्यों को अधिकार देती है कि वे खनिज विकास से संबंधित कानूनों के माध्यम से संसद द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर खनिज अधिकारों पर कर वसूल सकते हैं और संघ सूची की प्रविष्टि 54 के तहत रखे गए नियम राज्यों के इस अधिकार पर लागू नहीं होते तथा (4) प्रविष्टि 54 के तहत उल्लिखित नियम राज्य सूची की प्रविष्टि 49 के तहत खनिज भूमि पर कर लगाने के राज्यों के अधिकार को सीमित नहीं करता।

इसके बाद 14 अगस्त 2024 का पीठ का आदेश कहता है- (1) राज्य पिछली तारीख में जाकर 1 अप्रैल 2005 से कर की मांग कर सकते हैं या नए सिरे से मांग भेज सकते हैं, (2) 25 जुलाई 2024 से पहले की मांग पर ब्याज या जुर्माना खत्म कर दिया जाएगा, (3) 25 जुलाई 2024 से पहले यदि पिछली तारीख से कर मांग की जाती है तो उसे चुकाने के लिए 1 अप्रैल 2026 से 12 साल तक का समय दिया जा सकता है। फैसले के बाद कुछ राज्यों ने खनिजों पर कर लगाने के उपाय शुरू कर दिए और कुछ राज्य तो रॉयल्टी मूल्य का तीन गुना तक कर लेने की बात कह रहे हैं। यह सही है कि राज्यों के पास कर लगाने के सीमित अधिकार हैं और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद करों से राजस्व जुटाने की उनकी क्षमता बहुत कम हो गई है। परंतु यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इसी वजह से उन्हें कर वसूलने का अधिकार देने पर कारोबारी माहौल न बिगड़ जाए।

# मोहित शर्मा (मेजर)



मेजर मोहित शर्मा भारतीय सेन्य अधिकारी थे, जिन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था, जो भारत का सर्वोच्च शांति-कालीन सैन्य अलंकरण है। मेजर शर्मा कुलीन 1 पैरा एसएफ से थे। वह 21 मार्च, 2009 को नॉर्थ कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हो गए थे। मेजर मोहित शर्मा ब्रावो असॉल्ट टीम को लीड कर रहे थे और 1 पैरा स्पेशल फोर्स के कमांडो थे। उन्होंने हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकियों को मौत के घाट उतारा था। उनकी बहादुरी आज भारतीय सेना के वीरों में देश की खातिर कुछ भी कर गुजरने का जज्बा पैदा करती है।

### अंतिम ऑपरेशन

मेजर मोहित शर्मा 21 मार्च, 2009 को नॉर्थ कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हुए। मेजर मोहित ब्रावो असॉल्ट टीम को लीड कर रहे थे और वह 1 पैरा स्पेशल फोर्स के कमांडो थे। मेजर मोहित ने हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकियों को मौत के घाट उतारा। कुपवाड़ा के घने हफरुदा के जंगलों में मुठभेड़ हुई और मेजर मोहित ने बहादुरी से मोर्चा संभाला। मेजर मोहित आतंकियों से लड़ते हुए शहीद हो गए। लेकिन शहीद होने से पहले उन्होंने 4 आतंकियों को ढेर किया और अपने दो साथियों की जान बचाई। मेजर मोहित को उनकी बहादुरी के लिए शांति काल में दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान मरणोपरांत उन्हें दिया गया था। इसके अलावा उन्हें सेना मेडल से भी नवाजा गया था। मेजर मोहित शर्मा जिस ऑपरेशन को लीड कर रहे थे, उसे ऑपरेशन रक्षक नाम दिया गया था।

13 जनवरी, 1978 को हरियाणा के रोहतक में जन्में मेजर मोहित शर्मा को जंगलों में कुछ आतंकियों के छिपे होने की इंटेलीजेंस मिली थी जो घुसपैठ की कोशिशें कर रहे थे। मेजर मोहित ने पूरे ऑपरेशन की प्लानिंग की और अपनी कमांडो टीम को लीड किया। तीनों तरफ से आतंकी फायरिंग कर रहे थे और मेजर मोहित बिना डरे अपनी टीम को आगे बढ़ने के लिए कहते रहे। फायरिंग इतनी जबर्दस्त थी कि चार कमांडो तुरंत ही उसकी चपेट में आ गए थे। मेजर मोहित ने अपनी सुरक्षा पर जरा भी ध्यान नहीं दिया और वह रेंगते हुए अपने साथियों तक पहुंचे और उनकी जान बचाई। बिना सोचे-समझे उन्होंने आतंकियों पर ग्रेनेड फेंके और दो आतंकी वहीं ढेर हो गए। इसी दौरान मेजर मोहित के सीने में एक गोली लग गई। इसके बाद भी वह रुके नहीं और अपने कमांडोज को बुरी तरह घायल होने के बाद निर्देश देते रहे।

मेजर मोहित शर्मा को अपने साथियों पर खतरे का अंदेशा हो गया था और इसके बाद उन्होंने आगे बढ़ाकर चार्ज संभाला। मेजर मोहित ने दो और आतंकियों को ढेर किया और इसी दौरान वह शहीद हो गए। मेजर मोहित शर्मा ने हिजबुल के दो आतंकियों के साथ संपर्क बना लिया था जिनके नाम थे अबु तोरारा और अबु सबजार और इसी दौरान उन्होंने अपना नाम इफ्तिखार बट रखा था। मेजर मोहित ने उन्हें इतना भरोसे में ले लिया था कि जब उन्होंने आतंकियों के सामने सेना के काफिले पर हमले की योजना बताई तो आतंकियों ने उनकी बात पर यकीन कर लिया था। मेजर मोहित शर्मा इन आतंकियों के साथ शोपियां में अज्ञात जगह पर एक छोटे-से कमरे में रहते थे।

नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) से पास आउट होने के बाद मेजर मोहित शर्मा 11 दिसंबर, 1999 को इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए) से पासआउट हुए और पहला कमीशन 5 मद्रास में मिला। पहली पोस्टिंग हैदराबाद थी और यहां से उन्हें कश्मीर में 38 राष्ट्रीय राइफल्स के साथ तैनात किया गया। मेजर मोहित ने आतंकियों को बताया था कि साल 2001 में उनके भाई को भारतीय सुरक्षाबलों ने मार दिया था और अब उन्हें अपने भाई की मौत का बदला लेना है। मेजर ने उनसे कहा कि बदला लेने के लिए उन्हें आतंकियों की मदद चाहिए होगी। मेजर मोहित ने दोनों आतंकियों को बताया था कि उनकी प्लानिंग आर्मी चेकप्वाइंट पर हमला करने की है और इसके लिए उन्होंने सारा ग्राउंडवर्क भी कर लिया था।

### आर्मी चेकप्वाइंट पर हमले की कहानी

बहादुर पैरा स्पेशल फोर्सेज के ऑफिसर ने आतंकियों का भरोसा जीतने के लिए उन्हें हाथ से तैयार मैप्स तक दिखाए थे। आतंकी अक्सर उनसे यह भी पूछते थे कि वह आखिर कौन हैं लेकिन हर बार मेजर मोहित शर्मा उन्हें चकमा देने में कामयाब हो जाते थे। आतंकियों ने तय किया कि वह मेजर मोहित की मदद करेंगे। हिजबुल आतंकियों को मेजर मोहित ने बताया कि वह कई हफ्तों तक अंडरग्राउंड हो जाएंगे ताकि हमले के लिए हथियार और बाकी साजो-सामान जुटा सकें। मेजर मोहित ने यह भी कहा कि वह अपने गांव तब तक वापस नहीं जाएंगे जब तक आर्मी चेक प्वाइंट पर हमला नहीं कर लेंगे। तोरारा और सबजार ने मेजर मोहित के लिए ग्रेनेड्स की खेप इकट्ठा की और तीन और आतंकियों का इंतजाम पास के गांव से किया।

### आतंकियों पर वार

तोरारा को मेजर मोहित पर दोबारा शक हुआ और इस पर मेजर ने जवाब दिया, 'अगर तुम्हें कोई शक है तो मुझे मार दो।' मेजर मोहित ने अपनी एके-47 जमीन पर गिरा दी। उन्होंने आगे कहा, 'तुम ये नहीं कर सकते हो अगर तुम्हें मुझ पर भरोसा नहीं है तो। इसलिए तुम्हारे पास मुझे मारने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है।' तोरारा यह सुनकर सोच में पड़ गया और उसने सबजार की तरफ देखा। दोनों एक-दूसरे की तरफ देख रहे थे और उन्होंने अपने हथियार रख दिए थे। इसी समय मेजर मोहित ने अपनी 9 एमएम की पिस्तौल को लोड किया और दोनों आतंकियों को देखते ही देखते ढेर कर दिया। मेजर मोहित ने पाकिस्तान की सरजमीं पर आतंकियों को ढेर किया था।

### सैन्य वृत्ति

1995 में, मेजर मोहित शर्मा ने अपने इंजीनियरिंग को छोड़ दिया और अपने सपने को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए में शामिल हो गए। अपने NDA प्रशिक्षण के दौरान, उन्होंने तैराकी, मुक्केबाजी और घुड़सवारी सहित कई गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनका पसंदीदा घोड़ा इंदिरा था। वह कर्नल भवानी सिंह के प्रशिक्षण में घुड़सवारी के चैंपियन बन गए। वे बॉक्सिंग के तहत पंख भार वर्ग में भी विजेता रहे।

एनडीए में अपनी शिक्षाविदों की पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्होंने 1998 में भारतीय सैन्य अकादमी में प्रवेश लिया। IMA में, उन्हें बटालियन कैडेट एडजुटेंट के पद से सम्मानित किया गया था। उन्हें भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन से राष्ट्रपति भवन में मिलने का मौका मिला। उन्हें 11 दिसंबर 1999 को कमीशन दिया गया था।

5 वीं बटालियन द मद्रास रेजिमेंट (5 मद्रास) में उनकी पहली पोस्टिंग हैदराबाद थी। सैन्य सेवा के 3 सफल वर्ष पूरे करने पर, मेजर मोहित ने पैरा (विशेष बल) के लिए चुना और वह जून 2003 में एक प्रशिक्षित पैरा कमांडो बन गए। वह तब कश्मीर में तैनात थे, जहाँ उन्होंने अपना नेतृत्व और बहादुरी दिखाई। उन्हें उनकी बहादुरी के लिए सेना पदक से सम्मानित किया गया था। तीसरी पोस्टिंग के दौरान, उन्हें बेलगाम में कमांडो को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी दी गई जहाँ उन्होंने 2 साल के लिए निर्देश दिया। मोहित शर्मा को फिर कश्मीर ले जाया गया जहां उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।

### अशोक चक्र

कुपवाड़ा ऑपरेशन के दौरान मेजर मोहित शर्मा द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान के लिए, उन्हें 26 जनवरी, 2010 को देश के सर्वोच्च शांति काल वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।

# शेयर बाजार से झटका, सिर्फ 5 कंपनियों ने कराया 1.85 लाख करोड़ का नुकसान



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते सप्ताह बाजार एक बार फिर बिकवाली मोड में नजर आया। इस माहौल के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1 लाख 85 हजार करोड़ रुपये तक की गिरावट देखी गई। बीते सप्ताह सामूहिक रूप से निवेशकों को 1,85,952.31 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इनमें सबसे बड़ा नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। इस सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और शीर्ष 10 की सूची में हाल में शामिल हुई एचसीएल टेक्नोलॉजीज की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैपिटल 70,479.23 करोड़ रुपये घटकर 12,67,440.61 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मार्केट कैपिटल 46,481 करोड़ रुपये घटकर 5,56,583.44 करोड़ रुपये पर आ गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 44,935.46 करोड़ रुपये घटकर 6,63,233.14 करोड़ रुपये रह गई। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 12,179.13 करोड़ रुपये घटकर 16,81,194.35 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 11,877.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,81,501.01 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा की कंपनी- टीसीएस की बाजार हैसियत 60,168.79 करोड़ रुपये बढ़कर 15,43,313.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का दिसंबर तिमाही का प्रॉफिट 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इसके बाद शुक्रवार को कंपनी का शेयर छह प्रतिशत चढ़ गया। एचसीएल टेक का बाजार मूल्यांकन 13,120.58 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,539.01 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 11,792.44 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,16,626.78 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,999.41 करोड़ रुपये बढ़कर 9,19,933.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## कर्ज फ्री कंपनी के शेयर पर टूट पड़े निवेशक, 8 पर आया भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। एसआरयू स्टील्स लिमिटेड के शेयर पिछले सप्ताह कारोबार के दौरान लगातार फोकस में थे। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2.8 पर्सेंट चढ़कर 8.29 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इससे पहले गुरुवार को इसमें 5% का अपर सर्किट लगा था और यह 8.07 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया था। स्टॉक का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 15.20 रुपये है और इसका 52-सप्ताह का निचला स्तर 5.71 रुपये है। यह स्टॉक अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 5.71 रुपये प्रति शेयर से 41.33 प्रतिशत ऊपर है। इसका मार्केट कैप 46.39 करोड़ रुपये है। जून 2024 तक यह कंपनी कर्ज फ्री है।

क्या है डिटेल- एसआरयू स्टील्स लिमिटेड ने सोमवार, 13 जनवरी, 2025 को दिल्ली में अपने रजिस्टर्ड कार्यालय में बोर्ड मेंबर की बैठक तय की है। इस बैठक का प्राथमिक एजेंडा कंपनी के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने की योजना पर चर्चा करना और उसे मंजूरी देना है। इसमें विभिन्न जरिए से फंड जुटाना शामिल हो सकता है, जिसमें इक्विटी शेयर, परिवर्तनीय उपकरण या अन्य प्रतिभूतियां जारी करना शामिल है। कंपनी तरजीही आवंटन, राइट इश्यू, योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी), अमेरिकी डिपॉजिटरी रसीद (एडीआर), ग्लोबल डिपॉजिटरी रसीद (जीडीआर), विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (एफसीसीबी) या किसी अन्य विकल्प तलाश सकती है।

## 1000 पर जाएगा टाटा ग्रुप का यह शेयर, एक्सपर्ट ने कहा- खरीदो, देगा मुनाफा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप टाटा ग्रुप के किसी शेयर पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। टाटा ग्रुप के एक शेयर पर मार्केट एक्सपर्ट बुलिश हैं और इसमें दांव लगाने की सिफारिश कर रहे हैं। यह शेयर- द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का है। कंपनी के शेयर पर प्रमुख ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने खरीदने की सलाह दी है और 1000 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। बता दें कि कंपनी के शेयर पिछले शुक्रवार को 2% से अधिक गिरकर 805.75 रुपये पर बंद हुए थे।

जेफरीज ने टाटा के स्वामित्व वाले इंडियन होटल्स के शेयरों पर 1000 रुपये (पहले 900 रुपये से ऊपर) के टारगेट प्राइस पर खरीदारी की रेटिंग बनाए रखी है। टारगेट प्राइस इंडियन होटल्स के प्रत्येक स्टॉक पर शुक्रवार के 805.75 रुपये के बंद स्तर से 195 रुपये की बढ़ोतरी का सुझाव देता है। इस बीच, इंडियन होटल्स ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही और 9 महीनों के स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए 17 जनवरी को बैठक करेगा। इंडियन होटल्स निफ्टी मिडकैप 50 स्टॉक है। टाटा का शेयर पिछले 6 महीने में 32 फीसदी और 1 साल में 75 फीसदी चढ़ा है. 2, 3 और 5 वर्षों में, शीर्ष टाटा स्टॉक ने अपने निवेशकों को क्रमशः 159 प्रतिशत, 314 प्रतिशत और 501 प्रतिशत का भारी रिटर्न दिया है। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड इंडियन हॉस्पिटैलिटी कंपनी है। प्रमुख ताज होटल चेन का स्वामित्व टाटा समूह की कंपनी के पास है। ब्रोकरेज को उम्मीद है कि इंडियन होटल्स मिड अवधि में डबल डिजिट में EBITDA और PAT CAGR रिपोर्ट करेगा। जेफरीज ने कहा कि इंडियन होटल्स का पिछले लक्ष्यों को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड नए लक्ष्यों को पूरा करने में विश्वास दिलाता है।

## रेंग रहा इस बैंक का शेयर, ब्रोकरेज का भी बिगड़ा मूड, टारगेट प्राइस पर चलाई कैंची




नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते शुक्रवार को प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक के शेयर में बड़ी गिरावट देखी गई। यह शेयर 5 प्रतिशत गिरकर 933.45 रुपये के इंट्राडे लो पर पहुंच गया, जो 52-सप्ताह के निचले स्तर 927.05 रुपये के करीब है। शेयर क्लोजिंग 937.60 रुपये पर हुई। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 4.41% टूटकर बंद हुआ। इस शेयर को लेकर ब्रोकरेज का भी मूड बिगड़ रहा है।

दरअसल, न्यूयॉर्क स्थित ब्रोकरेज गोल्डमैन सैक्स ने शेयर को डाउनग्रेड करके न्यूट्रल कर दिया है। ब्रोकरेज ने शेयर का टारगेट प्राइस घटाकर 1,090 रुपये कर दिया। इसके बावजूद शेयर वर्तमान कीमत से करीब 12 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। इससे पहले ब्रोकरेज जेफरीज ने इंडसइंड बैंक के लिए निकट अवधि की चुनौतियों के बारे में बताया था। इसके अतिरिक्त कॉमर्शियल व्हीकल्स की कमजोर मांग, दोपहिया और ट्रैक्टर श्रेणियों में समायोजन के कारण ऑटो फाइनेंस सेक्टर को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

जेफरीज ने FY26-27 के लिए अपने आय अनुमानों को 12-13 प्रतिशत तक संशोधित किया है। वित्त वर्ष 2025 में इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 13 प्रतिशत के आसपास स्थिर होने से पहले कम रहने का अनुमान है।

# 17 जनवरी को खुलेगा एक और कंपनी का आईपीओ, प्राइस बैंड 124, निवेश के लिए हो जाइए तैयार

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप किसी इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए आने वाले सप्ताह में कई मौके हैं। अगले सप्ताह कई कंपनियों इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होने जा रहे हैं। इनमें एक - ईएमए पार्टनर्स इंडिया का भी आईपीओ है। ईएमए पार्टनर्स इंडिया का आईपीओ निवेश के लिए 17 जनवरी को खुलेगा और निवेशक इस इश्यू में 21 जून तक पैसे लगा सकते हैं। इसके लिए प्राइस बैंड 124 रुपये तय किया गया है।



76 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य- कंपनी अपने आईपीओ के जरिये 76 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि इस निर्गम के लिए मूल्य दायरा 117-124 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। अपर प्राइस बैंड पर कंपनी इश्यू से लगभग 76.01 करोड़ रुपये जुटाएगी। आईपीओ खुलने के पहले एंकर यानी बड़े निवेशक 16 जनवरी को बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज के लघु एवं मध्यम उद्यम (एसएमई) मंच पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। निवेशक न्यूनतम 1,000 शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगा सकते हैं।

क्या है डिटेल- मसौदा दस्तावेजों (आरएचपी) के मुताबिक, आईपीओ में 53.34 लाख इक्विटी शेयरों के नए निर्गम के अलावा प्रवर्तकों - कृष्णन सुदर्शन और सुब्रमण्यम कृष्णप्रकाश की तरफ से 7.96 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। सार्वजनिक शेयरधारक शेखर गणपति भी कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। ईएमए पार्टनर्स के प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह के पास 86.14 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि सार्वजनिक शेयरधारकों के पास 13.86 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## बंपर मुनाफे के बाद उछला इस कंपनी का शेयर, 4 रुपये कीमत, प्रमोटर का है बड़ा दांव



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार की सुस्ती के बीच कुछ पेनी शेयरों को खरीदने की लूट सी मच गई। ऐसा ही पेनी शेयर- शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड है। इस शेयर की गुरुवार की क्लोजिंग 4.07 रुपये थी। वहीं, शुक्रवार को शेयर की कीमत 3 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 4.27 रुपये पर पहुंच गई। इस शेयर की क्लोजिंग 4.16 रुपये पर हुई। यह एक दिन पहले के मुकाबले 2.21% बढ़कर बंद हुआ। अगस्त 2024 में शेयर 7.40 रुपये के स्तर तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मार्च 2024 में शेयर 2.90 रुपये के निचले स्तर पर था। इस लिहाज से शेयर रिकवरी मोड में नजर आ रहा है।

शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो दिसंबर 2024 में शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड की प्रमोटरों के पास 30.87 प्रतिशत और जनता के पास 69.13 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। कुछ महीने पहले तक प्रमोटर्स के पास 29.81 फीसदी की हिस्सेदारी थी। इस लिहाज से प्रमोटर्स ने हिस्सेदारी को बढ़ाई है।


दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित


jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार तेजी से फलफूल रहा है



भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी विभागों में चल रही टेंडर प्रक्रिया के भ्रष्टाचार का एक नमूना राजधानी भोपाल में सामने आया है। यहां मानव संसाधन आपूर्ति से जुड़ी एक कंपनी ने आयुष विभाग में 60 करोड़ रुपये का टेंडर पाने के लिए वहां काम कर रही एक महिला कर्मचारी को सवा करोड़ रुपये की रिश्वत दी।

कंपनी को काम नहीं मिला तो उसने पैसे वापस मांगे। महिला कर्मचारी ने उसे देने से इन्कार कर दिया, तो रिश्वत देने वाली कंपनी के संचालक ने महिला के खिलाफ थाने में शिकायत की। अब बिलखिरिया थाने में महिला कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है।

ग्वालियर के धर्मवीर सिंह सेंगर ने दर्ज करवाई शिकायत- बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि मूलतः ग्वालियर के रहने वाले धर्मवीर सिंह सेंगर वर्तमान में बिलखिरिया क्षेत्र में रहते हैं। वह सेंगर सिक्योरिटी सर्विसेज कंपनी के संचालक हैं।

धर्मवीर ने बताया कि 2023 में आयुष विभाग में साढ़े तीन हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती के लिए 60 करोड़ का टेंडर निकाला गया था। तब विभाग में कार्यरत प्रगति श्रीवास्तव ने सवा करोड़ रुपए लेकर टेंडर दिलवाने की बात कही।

उन्होंने विभाग में ऊंची पहुंच बताकर कंपनी को टेंडर के आवंटन का आश्वासन दिया था। टेंडर भरने के बाद धर्मवीर ने 14 अगस्त को प्रगति के बैंक खाते में 15 लाख रुपए जमा करा दिए।

इसके बाद प्रगति ने टेंडर दिलवाने के लिए आगे की कार्रवाई के लिए बाकी राशि मांगी। धर्मवीर ने 11 अक्टूबर को अपने दो दोस्त विनोद और विपिन पोखरियाल के सामने प्रगति को 1 करोड़ 10 लाख रुपये नकद दिए।

टेंडर में कुल 11 कंपनियों ने भाग लिया था, लेकिन तकनीकी प्रक्रिया से गुजरने के बाद विभाग ने चार कंपनियों को चयनित किया था। जनवरी 2024 में यह टेंडर विभाग ने निरस्त कर दिया।

इसके बाद धर्मवीर ने प्रगति से अपने रुपये वापस मांगे, तो उसने लौटाने से साफ इन्कार कर दिया। बाद में जब धर्मवीर ने दबाव डाला तो टाल-मटोल करने लगीं, लेकिन राशि नहीं लौटाई।

बताया जा रहा है कि कंपनी संचालक ने दो महीने पहले अपनी शिकायत दी थी। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद अब धोखाधड़ी की धारा में मामला दर्ज किया है। अब महिला के राजनीतिक कनेक्शन तलाशे जा रहे हैं।

कमीशन लेकर कंपनी की अटकी राशि दिलवा चुकी हैं प्रगति

धर्मवीर ने बताया कि पूर्व में उनका मंडला शासकीय अस्पताल में काम चल रहा था। जनवरी 2023 में विभाग ने किसी कारण से टेंडर निरस्त करवा दिया था, जिससे उनका भुगतान फंस गया।

## मध्य प्रदेश एटीएस ने साइबर धोखाधड़ी के एक गिरोह का पर्दाफाश किया






भोपाल। मध्य प्रदेश एटीएस को हरियाणा के गुरुग्राम में एक फ्लैट से साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट की गतिविधियों को अंजाम दिए जाने के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। यहां से हिरासत से कूदने के दौरान बिहार के हिमांशु कुमार की मौत के बाद मध्य प्रदेश एटीएस पांच संदिग्धों को जबलपुर ले आई।

इन्हें कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल दिया है। एटीएस के अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों से अब तक की पूछताछ और जांच में सामने आया है कि साइबर धोखाधड़ी का सरगना सतना का रहने वाला मोहम्मद मासूक है।

14 लैपटाप और एक टैबलेट भी बरामद- पूर्व में एटीएस ने हिमांशु सहित जिन छह लोगों को हिरासत में लिया था, उनमें दो मध्य प्रदेश और चार बिहार के रहने वाले हैं। इनके पास से पांच क्यूआर कोड, बड़ी संख्या में सिम कार्ड, 85 डेबिट कार्ड, 14 लैपटॉप और एक टैबलेट बरामद किया गया।

एटीएस अब यह जांच कर रही है कि आरोपितों ने साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट की कितनी घटनाओं को अंजाम दिया। जब्त डिवाइसों की जांच में बड़े स्तर पर धोखाधड़ी का राजफाश हो सकता है। बता दें कि क्यूआर कोड और डेबिट कार्डो का उपयोग लोगों से पैसे ऐंठने के लिए करने की गुप्त सूचना एटीएस को मिली थी।

साइबर थाने में प्रकरण दर्ज- सतना के रहने वाले मासूक और चंचल विश्वकर्मा के विरुद्ध पहले से मध्य प्रदेश के साइबर थाने में प्रकरण दर्ज था। पुलिस की जांच में सामने आया था कि साइबर ठगी के लिए उपयोग किए गए खातों से राशि दूसरे देशों में भेजी जा रही है।

एटीएस ने दी थी फ्लैट में दबिश- इसका उपयोग टेरर फंडिंग में होने के संदेह के चलते मध्य प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने सात जनवरी को सुबह साढ़े पांच बजे गुरुग्राम के धनेरा क्षेत्र स्थित सेरेनास टावर-तीन के एक फ्लैट से दबिश दी थी।

यहां से मासूक और चंचल के अतिरिक्त हिमांशु कुमार, रामनाथ कुमार, गोविंद कुमार और नीरज यादव को हिरासत में लिया था। इनमें मासूक और चंचल मध्य प्रदेश और बाकी बिहार के हैं। इनमें से हिमांशु कुमार की मौत हो गई।

## अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं, मैं भी दस मिनट विलंब से आऊं तो प्रवेश मत देना...




भोपाल। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने अनुशासनहीनता पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैं भी यदि बैठक में दस मिनट के विलंब से आऊं तो प्रवेश मत देना।

बैठक में वर्चुअली जुड़े संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इस इकाई को भंग करके नई कार्यकारिणी एक-दो सप्ताह में घोषित करें लेकिन यह ध्यान रहे कि इसमें 33 प्रतिशत महिलाएं हों। बैठक में युवा कांग्रेस को महू में 27 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया। इस दौरान कई प्रदेश पदाधिकारियों के बैठक में समय पर न आने प्रांताध्यक्ष ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन के लिए अनुशासन सबसे जरूरी होता है।

तीन-चार बार पदाधिकारियों को चेताया जा चुका है। अब यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी चर्चा हुई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने वर्तमान इकाई को भंग करके नई टीम एक-दो सप्ताह में बनाने और इसमें 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा।

## नौकरी न होने पर ईपीएफओ है सहारा, निकाल सकते हैं 75% तक राशि



भोपाल। कर्मचारी भविष्य निधि न केवल सेवानिवृत्ति के बाद का आर्थिक सहारा बनता है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी यह फंड एक मजबूत सहायक साबित होता है। नौकरीपेशा कर्मचारियों के लिए ईपीएफओ ने ऐसी कई सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जिनसे वे बेरोजगारी, फैक्ट्री बंद होने या अन्य वित्तीय संकट के समय अपने पीएफ खाते से राशि निकाल सकते हैं।

यह सुविधा न केवल आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि अचानक आई समस्याओं से उबरने का एक सशक्त माध्यम भी है। पीएफ का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक स्थिरता प्रदान करना है।

पीएफ खाते में हर माह कर्मचारी और नियोक्ता द्वारा जमा की गई राशि पर ब्याज मिलता है। सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी के पास दो विकल्प होते हैं, वह पूरी जमा राशि को एकसाथ निकाल सकता है या वह इसे मासिक पेंशन के रूप में प्राप्त कर सकता है।

## हैदराबाद और सतना से पकड़े गए साइबर ठग गिरोह के छह और सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



जबलपुर। हैदराबाद और सतना से पकड़े गए साइबर ठग गिरोह के छह और सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्टेट साइबर पुलिस ने आरोपितों को गुरुग्राम और हैदराबाद से पकड़ा है। तीन आरोपित मध्य प्रदेश और तीन बिहार के रहने वाले है।

इनके बारे में जानकारी तीन दिन पूर्व सतना से पकड़े गए गिरोह के 11 सदस्यों से पूछताछ में मिली थी। गिरफ्तार आरोपितों को लेकर स्टेट साइबर पुलिस का दल शुक्रवार को जबलपुर पहुंचा।

सतना जिला के कामता टोला निवासी मोहम्मद माशकू, टिकुरिया निवासी चंचल विश्वकर्मा को गुरुग्राम और सतना निवासी साजिद खान को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है।

मामले में बिहार के पटना निवासी नीरज यादव, सहरसा निवासी रामनाथ कुमार एवं गोविंद कुमार को गुरुग्राम से पकड़ा गया है।

फ्लैट में था अड्डा, 40 फोन, 14 लैपटॉप जब्त- गिरफ्तार आरोपितों से मिले सुराग के आधार पर स्टेट साइबर सेल के दो अलग-अलग दल ने हरियाणा और तेलंगाना में एक साथ छापा मारा।

दोनों जगह पर आरोपितों ने किराए के घर पर साइबर ठगी का अड्डा बना रखा था। जहां से आरोपित ऑनलाइन बेटिंग एप के माध्यम से लोगों को लाखों रुपये जीतने का झांसा देकर आनलाइन ठगी करते थे।



# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बनाने का नवाचार

## अभियान के तहत अब तक 5 हजार 868 विद्यार्थियों के बनाये गये लर्निंग लाइसेंस



इंदौर। इंदौर में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा लोकहित में सुशासन को दृष्टिगत रखते हुए आमजन के काम सहजता और पारदर्शी रूप से हो सके, इसके लिये अनेक नवाचार प्रारंभ किये गये हैं। इसी के चलते राज्य शासन द्वारा प्रारंभ किए गए जन कल्याण अभियान में भी उनके द्वारा युवाओं के हित में एक और नवाचार प्रारंभ किया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों/युवाओं के सहजता के साथ लाइसेंस बनाने का काम शुरू किया गया है। इसके बेहतर परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। विद्यार्थियों को इस नवाचार का बड़ा लाभ मिल रहा है और वे बेहद खुश भी है। अभी तक इंदौर में 5 हजार 868 विद्यार्थियों के लायसेंस कॉलेज में पहुंचकर बनाये जा चुके हैं। यह क्रम जारी है। साथ ही इंदौर में 400 से अधिक युवाओं को सड़क सुरक्षा अग्रदुत के रूप में तैयार किया गया है। यह युवा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करेंगे। इन युवाओं को हेलमेट भी वितरित किये गये हैं।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह के इस नवाचार के तहत जनकल्याण अभियान के तहत अभी तक अनेक महाविद्यालयों में लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। इन शिविरों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। शिविर में क्षेत्रीय परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने पहुंचकर विद्यार्थियों के हाथों-हाथ लाइसेंस बनाएं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत 11 दिसंबर 2024 से लर्निंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन किया किया जा रहा है, जो कि 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा अब तक आईआईपीएस एकेडमी, कनकेश्वरी देवी महाविद्यालय, शासकीय ड्राइविंग ट्रेनिंग आई टी आई परिसर नंदा नगर, महाराजा रंजीत सिंह कॉलेज, वैष्णव विश्वविद्यालय सांवेर रोड, एक्रोपोलिस कॉलेज, इंडेक्स मेडिकल कॉलेज, ए पी जे अब्दुल कलाम कॉलेज, सुगनीदेवी कॉलेज और शासकीय महाविद्यालय राऊ में लर्निंग लाइसेंस शिविरों के आयोजन किये गए। इसके अंतर्गत प्रत्येक शिविर में लगभग 350 से 400 लर्निंग लाइसेंस छात्र -छात्राओं को तत्काल प्रदाय किये गए, इस प्रकार अभी तक लगभग 5868 लर्निंग लाइसेंस बनाकर वितरित किये गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा शासकीय होलकर कॉलेज के 400 युवाओं को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के पालन का प्रशिक्षण दिया गया। इन्हें सड़क सुरक्षा अग्रदुत के रूप में तैयार किया गया है। वे खुद तो नियमों का पालन करेंगे ही, साथ ही अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक करेंगे। युवाओं को लर्निंग लायसेंस देने के साथ ही यातायात संबंधी नियम भी बताये जा रहे हैं। साथ ही अन्य महाविद्यालय में लर्निंग लाइसेंस शिविर में लाइसेंस की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन एवं संकेतक की जानकारी दी जा रही है। छात्र -छात्राओं को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने को समझाइश दी जा रही है। विभिन्न महाविद्यालयों के प्रबंधन द्वारा दो पहिया वाहन चालकों के लिए कॉलेज परिसर में बिना हेलमेट प्रवेश नहीं किये जाने के नियम का पालन करने की सहमति दी गई है।

## स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा

इंदौर। इंदौर जिले में आज 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम होंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे से सुबह 10.45 बजे तक आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संदेश का प्रसारण होगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 4 हजार छात्र/छात्राएँ एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिला योग समिति, सहज योग केन्द्र, आरोग्य भारती, प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, योग एसोसिएशन इन्दौर, योग संघ, एनसीसी, स्काउट गाईड, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था (श्री रविशंकर जी), अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा संबंधित विभाग, संगठन, पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाएं, विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी, आर्य समाज, विद्या भारती शिक्षा संस्थान, आरोग्य भारती, ईशा फाउंडेशन श्री रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ, गायत्री परिवार, आर्य समाज, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के छात्रावास, स्थानीय खेल क्लब, सेवानिवृत्त सैनिक, स्थानीय निकाय, मोहल्ला क्लब, मार्निंग वाकर्स, व्यायाम शाला, हेल्थ क्लब, पंचायत, सहकारी संस्थाएँ, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कृत प्रतिभाएं, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर सुरक्षा समितियाँ आदि की सहभागिता भी रहेगी।

## एक्ट ईव फाउंडेशन ने जनभागीदारी से इंदौर के दो स्कूलों में दिए 50 सेट फर्नीचर





इंदौर। देवास की सामाजिक संस्था एक्ट ईव एजुकेशन एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के तहत सहयोगी दानदाताओं की सहायता से तथा जनभागीदारी से दो स्कूलों में 50 सेट फ़र्नीचर भेंट किया।

संस्था अध्यक्ष मोहन वर्मा तथा सचिव किशोर असनानी ने बताया कि संस्था विगत आठ वर्षों से स्कूलों में जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को समाजसेवियों की सहायता से फ़र्नीचर प्रदाय करने के अभियान में लगी है। अब तक समाजसेवियों और उद्योगों की सहायता से 1600 से अधिक फ़र्नीचर भेंट कर चुकी है जिसका लाभ तकरीबन पांच हजार से अधिक बच्चे ले पा रहे है।

इसी कड़ी में शनिवार को कनाडिया क्षेत्र के ग्राम गारी पिपलिया एवं गारिया में संस्था सहयोगियों एवं स्कूल प्रबंधन के सहयोग से पचास सेट फ़र्नीचर की सौगात दी गई। गारी पिपलिया में दानदाता श्रीमती स्मिता गोखले बैंगलुरू, जयेश शाह इंदौर तथा सुमित कुलकर्णी देवास ने फीता काटकर फर्नीचर का लोकार्पण किया। गारिया में दानदाता श्री लाल मूंदड़ा इंदौर तथा स्कूली छात्राओं ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा दानदाताओं का सम्मानपत्र देकर सम्मान भी किया गया।अतिथियों ने संस्था के हर नेक काम में आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य, जनशिक्षक, सरपंच, स्कूल स्टाफ सहित टीम एक्ट ईव के मनीषा असनानी, वंदना प्रदीप शर्मा, काकोली अमल बेरा, गुलाब वर्मा, स्मिता योगेन्द्रसिंह चावड़ा, सोहनसिंह पवार, ईसाक शेख, प्रवीण शर्मा, सुनील तनवानी, समीर बापट सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम और प्रोजेक्ट में साक्षी मेहता का सराहनीय सहयोग रहा।

## अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज के वार्षिक उत्सव का हुआ समापन




इंदौर। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय लोकमान्य नगर इंदौर में आयोजित वार्षिक उत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में ओरिएंटल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुनील सोमानी मुख्य अतिथि और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर. के. बाजपेई बतौर विशेष अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि जी की वंदना से शुरू की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान के द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा गया और महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्र संघ अध्यक्ष कनक तंवर ने 15 दिवस तक चले वार्षिकोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं विजेताओं तथा कार्यक्रमों में आने वाले अतिथियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने बताया कि आयुर्वेद वैश्विक स्तर पर मरीज को लाभ पहुंचा रहा है। चिकित्सकों की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। उन्होंने ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करने एवं सहयोग से कार्य करने की बात रखी। विशेष अतिथि के द्वारा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के उन्नयन पर विशेष सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अखलेश भार्गव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार एवं मेडल प्रदान किये गये। कार्यक्रम में इंदौर शहर के वरिष्ठ समाजसेवी, चिकित्सक मौजूद रहे।

## पार्षद बने रहेंगे जीतू यादव, आरोपियों ने कहा हमला तो अभिलाष ने करवाया





इंदौर। भाजपा की ओर से पार्षद चुनाव जीतने वाले जीतू यादव अब भले ही भाजपा के सदस्य नहीं हैं, लेकिन उनकी पार्षदी बनी रहेगी। पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता अभिनव धनोतकर के अनुसार, एमआईसी से हटाने या दल से निकाले जाने पर पार्षदी छिनने का कोई प्रविधान नहीं है। मप्र नगर पालिका अधिनियम के तहत पार्षदी खत्म करने के लिए नियम तय हैं। इसके अनुसार, सदन के दो-तिहाई यानी 75 प्रतिशत से अधिक पार्षदों की सहमति से लिखित प्रस्ताव दिया जाना जरूरी है। यह प्रस्ताव संभागायुक्त के पास जाता है, जो इस पर निर्णय लेते हैं।

एसआईटी ने शनिवार को आरोपित दीपक जेरिया और नितिन अड़ागले से पूछताछ की, जिसमें उन्होंने पार्षद कमलेश कालरा के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने की बात स्वीकार की। आरोपित नितिन ने कमलेश कालरा के नाबालिग बेटे को निर्वस्त्र करने की घटना को भी कबूल किया। आरोपित दीपक के पास चाकू था। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि हमला पार्षद जीतू यादव के चचेरे भाई अवि उर्फ अभिलाष के इशारे पर किया गया। अभिलाष ने कुलकर्णी नगर और परदेशीपुरा से युवकों को बुलाकर यह हमला करवाया। फोरेंसिक जांच भी करवाई जाएगी।

पीएमओ की जानकारी हमें नहीं- पूरे मामले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक चार के खेमे ने दिल्ली तक शिकायत पहुंचाई थी। इस मामले की शिकायत प्रदेश से राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तक की गई। चर्चा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस घटना पर रिपोर्ट मांगी है। हालांकि, इंदौर भाजपा अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने इस बात की जानकारी होने से इन्कार किया है कि पीएमओ से कोई संदेश आया है।

सीएम की पोस्ट के बाद एक्शन- गुरुवार को इंदौर आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट डालकर कड़ी कार्रवाई का संदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करना शुरू किया।




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# मोक्षदायिनी माँ शिप्रा नदी के निर्मल ओर सर्वदा प्रवाहमान रहने का सपना आज मूर्तरुप लेगा

उज्जैन। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 13 जनवरी को 614.53 करोड़ रुपये की लागत की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का भूमि पूजन कार्तिक मेला ग्राउंड पर करेंगे। इय अवसर पर भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय के मंत्री श्री सी.आर.पाटिल भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश शासन के जल संसाधन विभग मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट करेंगे।

बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में सांसद श्री अनिल फिरोजिया, बाल योगी उमेशनाथ जी महाराज, मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल शामिल होंगे।

रविवार को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कार्तिक मेला ग्राउण्ड पहुँचकर माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का



निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण गरिमामय तरीके से किया जाए। यह हम सब के लिए महत्वपूर्ण क्षण है।

इसीलिए आम जन भी इसमें अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी का सपना था कि सभी नदियों को निरन्तर प्रवाहमान किया जाए तथा सिंचाई के रकबे को बढ़ाया जाए। इसी कड़ी में सोमवार 13 जनवरी को माँ शिप्रा को सदैव प्रवाहमान देखने का सपना मूर्तरुप लेने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का भूमि पूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत शिप्रा नदी के शुद्ध और निर्मल जल से संत जन तथा श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि उक्त परियोजना से शिप्रा नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाए रखने के साथ-साथ भविष्य में उज्जैन को पेयजल हेतु जल भी उपलब्ध हो सकेगा। पेयजल के उपयोग हेतु 27 एमसीएम तथा शिप्रा को प्रवाहमान बनाए रखने के लिए 51 एमसीएम जल उपलब्ध कराया जाएगा।

इसी परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेवरखेड़ी में बैराज निर्माण किया जाएगा, जिसमें वर्षाकाल के जल का उद्वहन करके ग्राम सिलारखेड़ी के तालाब में जल संग्रहित किया जाएगा। इसके लिए 6.50 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन से जल का उद्वहन सेवरखेड़ी से सिलारखेड़ी तक किया जाएगा। यह परियोजना आगामी मई 2027 तक पूरी की जाना लक्षित है।

## स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणा दायक- प्रोफेसर सिंह



उज्जैन। 12 जनवरी को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस ÷युवा दिवस÷ का आयोजन एन.सी.सी., एन.एस.एस. स्पोर्ट्स एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंदजी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के पश्चात सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम संपूर्ण प्रदेश में एक समय एक संकेत पर एक साथ किया गया। 'स्वामी विवेकानंद ~ युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता चित्र प्रदर्शनी एवं स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो व्याख्यान के वीडियो का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना वीरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन समाज को प्रेरणा एवं दिशा प्रदान करता है। यह विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर प्रेरित किया। डॉ. मोहित पांचाल, स्पोर्ट के विद्यार्थी विवेक पंचाल, स्वयंसेवक हर्ष कुशवाहा एवं एन.सी.सी. कैडेट्स केहकशा द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का आयोजन मेजर डॉ. मोहन निमोले एन.सी.सी. अधिकारी, डॉ. नीरज सारवान एन.एस.एस. अधिकारी व प्रो. आयुशी सूर्यवंशी स्पोर्ट्स प्रभारी के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. केशवमणि शर्मा, डॉ. शोभा मिश्रा, डॉ. नीलिमा वर्मा, सीमाबाल अवास्या, नीलिमा नागदेव, धीरज सरोठिया एवं समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्पोर्ट्स के विद्यार्थियों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. मोहन निमोले द्वारा कर आभार डॉ. नीरज सारवान द्वारा किया गया।

## भारत के नोजवानों भारती पुकारती है, भेदभाव छोड़ कर साथ-साथ आइये




उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय लेखिका एवं कवियत्री डॉ रमा सिंह एवं अंतरराष्ट्रीय कवियत्री डॉ कीर्ति काले विशेष रूप से उपस्थित हुई एवं युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की तसवीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

आपने अपने वक्तव्य से युवाओ को देश के प्रति उनके दायित्वों से अवगत करवाया।

## महाकुम्भ के विशेष योग का जल माँ शिप्रा में अर्पित



उज्जैन। सनातन धर्म के सबसे विशाल धार्मिक मेले महाकुम्भ का प्रारम्भ तीर्थ राज प्रयाग पर आयोजित हो चुका है। इसी कड़ी में एकादशी पर्व पर दिव्य संतो की पावन संनिधि में श्री रामघाट तीर्थपुरोहित सभा अवन्तिकापुरी द्वारा त्रिवेणी संगम का जल लिया। जिसे उज्जैन तीर्थ की मोक्षदायनी माँ शिप्रा में चतुर्दशी 12 जनवरी को अर्पित किया गया। ताकि जो लोग शाही स्नान में प्रयागराज नहीं जा पा रहे वो माँ शिप्रा में स्नान कर महाकुम्भ के स्नान का पुण्य फल प्राप्त कर सके।

उक्त कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं सुरेन्द्र चतुर्वेदी, पं रविन्द्र भारद्वाज, पं शैलेन्द्र दुबे, पं महेश शर्मा, वरिष्ठ तीर्थपुरोहित पं मोहन गुरु, पं उत्तम दुबे, पं अभय त्रिवेदी, पं आनंद गुरु लोटा वाला, पं राकेश जोशी सहित श्रद्धालु सम्मिलित हुए। तीर्थपूजन धर्माधिकारी पं गौरव उपाध्याय ने संपन्न करवाया। यह जानकारी अभा तीर्थ इकाई ब्राह्मण समाज के संयोजक पं अमृतेश त्रिवेदी ने दी।

# स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर निबंध प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह

उज्जैन। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती पर निबंध प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन सैंट मदार कान्वेंट स्कूल मे आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगियों ने शिक्षा हमारे लिए क्यों जरूरी है, शहर की स्वच्छता में हमारा योगदान, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, फिलिस्तीन स्वतंत्रता आंदोलन एवं अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन पर निबंध लिखें। संस्था द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों एवं प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य




अतिथि शहर काजी खलीकुर रहमान ने अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन मे कहा कि छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने में प्रोत्साहित करेंगे। प्रतियोगियों को डॉ. आमिर खान, मध्य प्रदेश कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, नबीला खान, मार्गदर्शक इकबाल उस्मानी ने पुरस्कृत किया। संस्था संरक्षक सैयद अबीद अली मीर एवं अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष का स्वामी विवेकानंद अवार्ड उत्कृष्ट कार्यो के लिए पांच शख्सियतां को दिया गया। चिकित्सा सेवा के लिए डॉ. नोमान गोरी, शिक्षा के लिए शिक्षाविद दरक्शा खान, समाज सेवा के लिए अनीस मौलाना, कर्तव्य निष्ठा के लिए बहादुर हुसैन एवं पार्षद अनवर नागोरी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद रीना तिवारी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा स्वामी विवेकानंद जी का पूरा जीवन देश और मानवता के लिए समर्पित रहा हम स्वामी जी के बताएं पथ चिन्हो पर चलकर ही कामयाबी हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिक शहजाद खान, शकील खान, बाबर खान, अनुदीप गंगवार, अब्दुल खालिक, उमर मुल्तानी, शिक्षाविद नाजिया अहमद, गंगाधर महा, सैयद उस्मान हसन, साकिर शेख, आजम खान उपस्थित थे। संचालन एडवोकेट समीर खान ने किया आभार शिरीन खान ने माना। उपरोक्त जानकारी सचिव धर्मेंद्र राठौर एवं प्रचार सचिव चेतन ठक्कर ने दी।

## व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को सारस्वत व्यंग्य सेवी सम्मान



उज्जैन। राष्ट्रीय व्यंग्य लेखक समिति (वलेस) द्वारा प्रतिवर्ष व्यंग्य के लिए प्रदान किया जाने वाले ज्ञान चतुर्वेदी राष्ट्रीय व्यंग्य सम्मान के तहत इस वर्ष का प्रथम 'वलेस सारस्वत व्यंग्य सेवी सम्मान' उज्जैन के व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को प्रदान किया गया। डॉ. सिंह को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय ख्यात व्यंग्यकार कैलाश मंडलेकर, डॉ. जवाहर कर्नावट, मलय जैन और इन्द्रजीत कौर की निर्णायक समिति ने लिया।

व्यंग्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह को उनकी सतत व्यंग्य सेवा के लिए वलेस सारस्वत व्यंग्य सेवी सम्मान उनके निवास पर ज्ञान चतुर्वेदी राष्ट्रीय व्यंग्य सम्मान आयोजन समिति के संयोजक शांतिलाल जैन, मुकेश जोशी और शशांक दुबे ने प्रदान किया। सम्मान के तहत सम्मान राशि, सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह की इस उपलब्धि पर, मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के अध्यक्ष प्रो. हरिमोहन बुधौलिया आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com